## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 01.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने पेश किया आम बजट, आयकर दाताओं को बड़ी राहत, 12 लाख 75 हजार रुपये तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं। ।**
2. **बजट में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की पहली बार उद्यम करने वाली पांच लाख महिलाओं के लिए नयी योजना की घोषणा।**
3. **केन्द्रीय बजट को विपक्ष ने नकारा, सत्ता पक्ष ने किया पलटवार, कहा– मानसिक रुप से दिवालिया हो चुकी है कांग्रेस।**
4. **झामुमो ने केन्द्र से फिर मांगा एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये, विधायक बसंत सोरेन ने कहा– कल पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में इस मुद्दे पर लाया जायेगा राजनीतिक प्रस्ताव।**
5. **प्रयागराज से बोकारो जा रही बस हजारीबाग में दुर्घटनाग्रस्त, कई यात्री घायल, खूंटी में स्कूल बस ट्रक से टकरायी, कई बच्चे चोटिल।**

********************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2025–26 का पूर्ण बजट पेश किया। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि विकास में तेजी लाना, सुरक्षित समावेशी विकास, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देना, घरेलू खर्च में वृद्धि, और भारत के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता होगी।

********************

वित्त मंत्री ने बजट में आयकर दाताओं को बड़ी राहत दी है। अब नौकरी पेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12 लाख 75 हजार तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आयकर के नए स्लैबों की घोषणा की।

बजट में जन कल्याण के लिए कई घोषणाएं की गयी हैं। किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना और स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़ के अतिरिक्त बजट की घोषणा की गयी है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 से बढ़ाकर 5 लाख की जाएगी। बजट में एमएसएमई के लिए लोन की सीमा बढ़ाकर 20 करोड़ करने का ऐलान किया गया है।

********************

केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की पहली बार उद्यम करने वाली महिलाओं के लिए एक नयी योजना की शुरुआत की जायेगी। इसके तहत अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ रुपये तक का सावधि ऋण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया के तहत देश में कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ने का ऐलान भी बजट में किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पूर्वी क्षेत्र में तीन निष्क्रिय यूरिया संयंत्र को फिर से चालू किया है।

********************

वित्त मंत्री ने सभी जिलों में कैंसर केंद्र स्थापित किये जाने की भी घोषणा की। अगले तीन वर्षों में कैंसर के इलाज के लिए डे केयर सेंटर की स्थापना की जायेगी। कैंसर, असाधारण रोगों और अन्य गंभीर जीर्णोद्धार रोगों के उपचार के लिए 36 जीवन रक्षक औषधियों को बूनियादी सीमा शूल्क से छूट मिलगी। सरकार ने जलजीवन मिशन को 2028 तक के विस्तार की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 120 नए गंतव्यों को जोड़ने के लिए संशोधित उड़ान योजना शुरू की जाएगी। बजट में खनन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने की भी घोषणा की गयी है। महत्वपूर्ण खनिजों के लिए नीति लाई जाएगी। मेडिकल कॉलेजों में दस हजार अतिरिक्त सीटें भी जोड़ी जाएंगी। सरकार ने तकनीकी अनुसंधान के लिए 10 हजार छात्रवृतियां प्रदान करने की भी घोषणा की है। इसके साथ ही नया आयकर विधेयक अगले सप्ताह लाया जायेगा।

********************

केन्द्रीय बजट को कांग्रेस ने असंतुलित बताया है। पार्टी सांसद मनीष तिवारी ने दिल्ली में कहा कि यह बजट केवल बिहार पर केन्द्रित है।

इस पर भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस मानसिक रुप से दिवालिया हो गयी है।

********************

रामगढ़ जिले में पीएम जनमन योजना के तहत दो दर्जन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

********************

राज्य में सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक बार फिर केन्द्र सरकार से बकाये एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये की मांग की है। दुमका में पत्रकारों से बातचीत में विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि कल पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर समारोह में भी यह मामला उठाया जायेगा और इसपर राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किये जायेंगे। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड अपना अधिकार लड़कर लेना जानता है।

********************

हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करनेवाली स्वीटी ने पुस्तक संरक्षित करने का फार्मूला देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

********************

प्रयागराज से बोकारो जा रही एक यात्री बस आज दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये, जिनमें कइयों की हालत गंभीर बतायी गयी है। बताया जाता है कि बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गयी। उधर, खूंटी जिले के तोरपा में बच्चों से भरी एक बस कल रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दर्जनों बच्चे घायल हुए हैं। बच्चों के सिर और मुंह में चोटें आयी हैं।

***************